104

III

Total No. of Questions – 16
Total No. of Printed Pages – 4

Regd. No. | | | | | | | | | | |

Part – II
HINDI, Paper – I
(Second Language)

Time : 3 Hours] *[Max. Marks : 100*

सूचनाएँ : (1) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(2) जिस क्रम से प्रश्न दिए गए हैं, उसी क्रम में उत्तर लिखना अनिवार्य है ।

खण्ड – 'क' (60 अंक)

I. निम्नलिखित किसी **एक** पद्यांश का भावार्थ लिखिए : $1 \times 6 = 6$

जब तू आया जगत में, लोग हँसे तू रोए ।
ऐसी करनी न करी, पाछे हँसे सब कोए ।।

अथवा

हमने बिगड़कर भी बनाए जन्म के बिगड़े हुए
मरते हुए भी हैं, जगाए मृतक-तुल्य पड़े हुए ।
गिरते हुए भी दूसरों को हम चढ़ाते ही रहे,
घटते हुए भी दूसरों को हम बढ़ाते ही रहे ।।

II. किसी **एक** कविता का सारांश लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(1) वर दे वीणावादिनी वर दे
(2) मेरा नया बचपन

III. किसी **एक** पाठ का सारांश लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(1) आत्मनिर्भरता
(2) वीरांगना रुद्रम देवी

IV. किसी **एक** कहानी का सारांश लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(1) बड़े भाई साहब
(2) जीती बाजी की हार

V. निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2 × 5 = 10

(1) शीलवन्त सबसे बड़ा, सब रतनन की खान ।
तीन लोक की सम्पदा, रही शील में आन ।।

अथवा

गो-धन गज-धन बाजी-धन और रतन-धन खान ।
जब आवत संतोष-धन सब धन धूरि समान ।।

(2) काट अन्ध-उर के बन्धन-स्तर
बहा जननि, ज्योतिर्मय निर्झर,
कलुष भेद तम-हर प्रकाश भर
जगमग जग कर दे ।

अथवा

विपत्ति जब आती है,
कायर को ही दहलाती है,
सूरमा नहीं विचलित होते,
क्षण एक नहीं धीरज खोते ।

VI. निम्नलिखित किन्हीं **दो** गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2 × 5 = 10

(1) मुझे कुछ भी कह लीजिए, बदमाश मत कहिए । मैं शरीफ आदमी हूँ । सरकार को हर महीने इनकम टैक्स देता हूँ ।

(2) इन वीरों ने मृत्यु भय को भी जीत लिया था । उनकी वीरता के लिए उन्हें हजार बार बधाई ।

(3) मलेच्छ ने काफिर का मकान जलाया था, भाई खुदाबख्श ने बहन रतन का नहीं ।

(4) दीनता से कहा, "घर में कई नौकर-चाकर हैं । मेरे लिए दो मुट्ठी आटा भारी न होगा ।"

VII. **एक** शब्द में उत्तर दीजिए : 5 × 1 = 5

(1) कबीर दास की भाषा क्या थी ?

(2) तुलसीदास के गुरु कौन थे ?

(3) 'महत्ता' शब्द का अर्थ बताइए ।

(4) कवि वीणावादिनी से क्या माँगता है ?

(5) बचपन का आनन्द कैसे होता है ?

VIII. **एक** शब्द में उत्तर दीजिए : 5 × 1 = 5

(1) आत्मनिर्भरता निबन्ध के निबन्धकार कौन हैं ?

(2) फैशनबुल आदमी किन-किन देशभक्तों का नाम लेता है ?

(3) भगतसिंह किनका पोता था ?

(4) हमीदा और राम के बीच में कैसा संबन्ध है ?

(5) रुद्रम देवी के पति का नाम क्या है ?

खण्ड – 'ख' (40 अंक)

IX. निम्नलिखित में से कोई **एक** पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5

छुट्टी के लिए प्राचार्य के नाम एक पत्र लिखिए ।

अथवा

नगरपालिका के नाम एक पत्र लिखिए ।

X. किन्हीं पाँच शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 5 × 1 = 5

(1) अमृत
(2) अधिक
(3) अर्थ
(4) उदय
(5) उपकार
(6) उत्तर
(7) जीवन
(8) कठिन

XI. किन्हीं पाँच शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिखिए : 5 × 1 = 5

(1) भूक
(2) दीर्ग
(3) बारत
(4) आँसु
(5) हमेसा
(6) प्रतिक्षा
(7) पतता
(8) धम्र

XII. निम्नलिखित पाँच शब्दों के समानार्थ शब्द लिखिए : 5 × 1 = 5

(1) अहंकार
(2) आग
(3) आकाश
(4) आनंद
(5) ईश्वर
(6) कमल
(7) अंधकार
(8) अश्व

XIII. किन्हीं पाँच पारिभाषिक शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 5 × 1 = 5

(1) Award
(2) Assembly
(3) Advance
(4) Auditor
(5) Law
(6) Junior
(7) Cashier
(8) Interview

XIV. कारक चिह्नों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : $5 \times 1 = 5$

(1) राम ______ रोटी खाई है ।

(2) कृष्ण ______ कंस को मारा ।

(3) पुस्तक ______ वहाँ रख दो ।

(4) राम गोपाल ______ होशियार है ।

(5) मेज ______ पुस्तकें रखी हैं।

XV. सूचना के अनुसार वाक्य में परिवर्तन कीजिए : $5 \times 1 = 5$

(1) वह एक सुनार है । (रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर लिखिए ।)

(2) सड़कों पर मत घूमा करो । (रेखांकित शब्द का वचन बदलकर लिखिए ।)

(3) राम अनजान लड़का है । (रेखांकित शब्द में उपसर्ग क्या है ?)

(4) राम दयालु लड़का है । (रेखांकित शब्द में प्रत्यय लिखिए).

(5) राम काम करेगा । (वर्तमान काल में लिखिए ।)

XVI. किन्हीं पाँच वाक्यों को शुद्ध कीजिए : $5 \times 1 = 5$

(1) मेरी आँखों में आँसू आ गया ।

(2) मेरे को कुछ न बोलो ।

(3) तुम तुम्हारे घर चले जाओ ।

(4) वह सबसे सुन्दरतम हैं ।

(5) वह दान दिया ।

(6) खूब लड़के पढ़ते हैं ।

(7) वह चुपचाप से चला गया ।

(8) उनका दर्शन हुआ ।

(9) राधा ने पत्र लिखी ।

(10) वह अब आया ।